
हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025



04 भौंरा में तेंदुए की दस्तक से दहशत डर के साये में जी...



08 स्वरोजगार योजनाओं में स्वीकृति का अफसर...



## खबर संक्षेप

### सीएसआर प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक संपन्न

**सोहागपुर।** कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को सीएसआर प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए आवश्यक प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न विद्यालयों में मरम्मत, शौचालय निर्माण, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के लिए तैयार प्रस्तावों का कलेक्टर ने अवलोकन किया। उन्होंने आवश्यकतानुसार महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सहमति प्रदान की गई।

### ठंड से बचाने पार्षद ने किए कंबल वितरित

**इटारसी।** शहर में बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए वार्ड नंबर 11 के पार्षद अमित विश्वास ने जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने कंबल वितरण अभियान चलाया। उन्होंने विगत दिवस शहर के दो अलग-अलग स्थानों पर यह सराहनीय कार्य किया। पार्षद अमित विश्वास ने रेलवे स्टेशन के सामने स्थित रैन बसेरा में ठहरने वाले यात्रियों के लिए कंबल भेंट किए।

## कलेक्टर ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की समीक्षा

# मतदाताओं की वास्तविक स्थिति की पुष्टि हेतु भौतिक सत्यापन के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य सतत प्रगति पर है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना द्वारा पुनरीक्षण कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने जिले में डिजिटाइजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं पूरी निर्वाचन टीम को बधाई प्रेषित की। कलेक्टर ने कहा कि जिले की इस उल्लेखनीय सफलता पर सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एईआरओ, बीएलओ, सुपरवाइजर, सेक्टर अधिकारी एवं संपूर्ण निर्वाचन टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य सतत प्रगति पर है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना द्वारा पुनरीक्षण कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है।



### मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें अधिकारी

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराई गई नो-मैपिंग एवं यूईएफ की संकलित जानकारी का लेवल-1 एवं लेवल-2 अधिकारियों द्वारा पुनः भौतिक सत्यापन कराया जाए। साथ ही, ईआरओ यह सुनिश्चित करें कि नॉन-मैपिंग अथवा एएसडी श्रेणी में सूचीबद्ध मतदाताओं का समुचित सत्यापन कर रिव्यू की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। उन्होंने प्रत्येक यूईएफ मतदाता का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करवाने के निर्देश दिए।

### पानी की तलाश में घूम रहे हैं वन्य प्राणी

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले से अन्य राज्यों में स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं की सूची तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर ने उन मतदान केंद्रों की भी पुनः जांच के निर्देश दिए जहां शून्य नो-मैपिंग एवं यूईएफ रिपोर्ट की गई है, ताकि स्थिति की पूर्ण पुष्टि हो सके। कलेक्टर सुमीना ने मतदाताओं को एएसडी श्रेणी में सूचीबद्ध करने में पूर्ण सावधानी बरतने एवं अनुपस्थित मतदाताओं को स्थानांतरित श्रेणी में दर्ज न करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित प्रकरणों का ईआरओ द्वारा डबल चेक अनिवार्य रूप से किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि नो-मैपिंग एवं यूईएफ संख्या को कम करने हेतु पृथक-पृथक टीमें गठित कर प्रभावी कार्यवाही की जाए।समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव रंजन पांडे, एनएलएमटी पंकज दुबे तथा निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे ऑफलाइन उपस्थित रहे। सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एईआरओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### जिले में सोहागपुर विधानसभा अव्वल

जिले में यह उपलब्धि सबसे पहले 2 दिसंबर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 138 सोहागपुर द्वारा प्राप्त की गई थी। इसके पश्चात 3 दिसंबर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा ने द्वितीय स्थान पर डिजिटाइजेशन कार्य को 100 प्रतिशत पूर्ण किया। इसी क्रम में गुरुवार, 4 दिसंबर को शेष दोनों विधानसभा क्षेत्र—विधानसभा पिपरिया (139) एवं विधानसभा होशंगाबाद (137) ने भी शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन की उपलब्धि हासिल कर ली।

# बफर जोन में भी हो रही बाघ सहित अन्य वन्यजीवों की गणना

## वनकर्मी जुटा रहे साक्ष्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

समूचे देश में इस समय एक साथ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों सहित अन्य मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्यजीवों की गणना का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में भी गणना की जा रही है।

जानकारी अनुसार कोर क्षेत्र तथा बफर जोन में अलग-अलग टीमें निर्धारित की गई हैं जो तय शेड्यूल के अनुसार प्रतिदिन वन्यजीवों की गणना का कार्य कर रही हैं। विशेष रूप से बिघों की गणना की जा रही है। गुरुवार को रिजर्व क्षेत्र के बफर जोन में गोहनादेह बीट की टीम ने भी तय समय सारणी का पालन करते हुए निर्धारित ट्रैक पर बाघ, तेंदुआ, भालू व अन्य वन्यजीवों के साक्ष्य एकत्रित किए हैं। हरिभूमि से चर्चा में गोहनादेह बीट कर्मियों ने बताया कि चौकीदारों के साथ पैदल जंगल में पैदल भ्रमण करते हुए वन्यजीवों के साक्षी जुटाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सात दिसंबर 2025 तक वन्यजीवों की गणना का यह कार्य जारी रहेगा।

### आपत्ति व सुझाव आमंत्रित

सतपुड़ा बाघ पर्यावास जिसके अंतर्गत सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान पचमढ़ी वन्य जीव अभ्यारण और बोरी वन्य जीव अभ्यारण है। मध्य प्रदेश की सीमा से अधिसूचित शहरी और आबादी इकालो की तरफ 100 मीटर के विस्तृत तक और बाकी तरफ दो किलोमीटर के विस्तृत तक को सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान पचमढ़ी वन्य जीव अभ्यारण और बोरी वन्य जीव अभ्यारण पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में अधिसूचित किया गया है।

# अमानक औषधियों की बिक्री व खरीद पर लगाया गया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

औषधि नियंत्रक एवं संचालनालय आयुष, मध्यप्रदेश, भोपाल के अनुसार, कई आयुर्वेदिक औषधियों के नमूनों को ग्वालियर स्थित शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा गया था। परीक्षण में 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट,1940' की धारा 33EE के तहत ये औषधियां अमानक पाई गईं। अमानक पाए गए उत्पादों मेंकफ कुठार रस एवं लक्ष्मी विलास रस (नारदीय) निर्माण शाला डाबर इंडिया लि.22 साइट साहिबाबाद उ.प्र.,प्रवाल पिष्टि एवं मुक्ता शुक्ति निर्माण शाला श्री धनवंतरी हर्बल्ला विलेज किशनपुरा पीओ गुरूमाजरा तहसील बदी जिला सोलन एच.पी.,गिलोय सत्व औरकामदुधा रस निर्माण शाला शर्माशु जैनयून आयुर्वेद शर्मा आयुर्वेद मंदिर सिविल लाईनसः दतिया म.प्र. शामिल हैं। इन सभी आयुर्वेदिक औषधियों की बिक्री व खरीद पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। तत्संबंध में प्र. जिला आयुष अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि जिला नर्मदापुरम के सभी औषधि विक्रेता, भंडारणकर्ता और संबंधित संस्थाओं को निर्देशित किया गया है।

### केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा अपनी पूंजी अपना अधिकार के तहत रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की गाइडलाइन अनुसार 10 वर्ष से अधिक समय से गैर-लेनदेन वाले डी.ई.ए.एफ. (डिपोसिट एजुकेशन एण्ड अवेयरनैस फंड) बैंक खातों में जमा राशि को विभागीय मदों में पुनः जमा कराने के लिए आवश्यक केवाईसी प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को केवाईसी हेतु पत्र प्रेषित किए जाएं।

# श्रीमद् नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ संपन्न, भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर के रघुवंशीपुरा वार्ड में गत शुक्रवार से श्रीमद् नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू हुआ था। जिसका विश्राम गुरुवार को हुआ है तथा इस अवसर पर पूर्ण आहुति व भंडारा किये गए। आयोजक बटोबाई रघुवंशी तथा उनके परिजनों से प्राप्त जानकारी अनुसार नर्मदापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार 28 नवंबर को किया गया था। नियमित दोपहर एक से शाम पांच बजे तक कथा हुई, जिसमें पंडित श्रीराम श्रोति ने कथा सुनाई। आयोजन से जुड़े सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि चार दिसंबर 2025 गुरुवार को पुराण पूजन, हवन, कथा विराम का आयोजन पूर्णाहुति के साथ किया गया। इस अवसर पर भंडारा भी किया गया। भंडारा में प्रसादी प्राप्त करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित हुए।

# नपा सीएमओ ने की जनसुनवाई, सीसी रोड निर्माण व अतिक्रमण हटाने आए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका कार्यालय में प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा की गई जनसुनवाई के दौरान छोटी बड़ी समस्याओं के करीब 10-12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका संतुष्टिपूर्ण समाधान किया गया।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले के निर्देश पर जनसुनवाई की शुरू की गई है जिसका आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है। आज प्रतिभा किरण योजना के तहत होम साइंस कालेज की दो छात्रा आयशा और आफरीन द्वारा आवेदन किया गया जिनकी जांच कर उन्हें तत्काल प्रदान किया गया। इस अवसर पर पार्षद नरेन्द पटेल, दुर्गेश चौधरी, राहुल गौर और नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विस में गूंजे पट्टा उल्लंघन, फर्जी आवंटन और अतिक्रमण के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में नर्मदापुरम जिले से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न उठे। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने जिले की प्रशासनिक और शैक्षणिक स्थिति का ब्यौरा सदन के सामने रखा।

### नजूल पट्टे की शर्तों का उल्लंघन

जांच जारीराजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सदन को बताया कि नर्मदापुरम में एक पट्टेदार (लेसी) द्वारा सरकारी नजूल भूमि की लीज की शर्तों का कथित उल्लंघन किया गया है। पट्टे की शर्तों के विपरीत, जमीन का उपयोग व्यावसायिक (व्यापार/कारोबार) उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। पट्टेदार ने बिना पूर्व अनुमति के प्रथम मंजिल का निर्माण किया और दुकान के लिए रोड पर सीढियां बनाईं। पट्टे की शर्त 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रों में उप-विभाजन नहीं का कथित तौर पर उल्लंघन किया गया है। मंत्री ने जानकारी दी कि इन शिकायतों की जांच के लिए नजूल अधिकारी के न्यायालय में राजस्व प्रकरण दर्ज कर लिया है। यह भी स्पष्ट किया कि पट्टे की शर्तों के उल्लंघन को क्षमा करने का अधिकार कलेक्टर या उनके द्वारा अधिकृत अपर कलेक्टर को है।

### फर्जी पट्टों का मामला उच्च न्यायालय में

ग्राम सोनासांवरी में वर्ष 2017 में फर्जी पट्टों के कथित आवंटन का मुद्दा भी विधानसभा में उठा। राजस्व मंत्री ने स्वीकार किया कि तत्कालीन सरपंच द्वारा अपने पति के नाम से पट्टे का आवंटन किया गया था। इस मामले में वर्तमान में अपर कलेक्टर न्यायालय में निगरानी प्रचलित है, जबकि भूमि को आबादी घोषित करने के विरुद्ध एक रिट याचिका उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

### अतिक्रमण और सीएम हेल्पलाइन शिकायतें

नगर में अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व मंत्री ने बताया कि पुरानी तहसीली के पास दो मंजिला दुकान निर्माण, नारायण नगर में मार्ग बंद करने और अन्य अतिक्रमणों के संबंध में जांच चल रही है। सीमांकन के आदेश दिए गए हैं, जिसकी रिपोर्ट जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अभी नहीं हुई है, और प्रशासनिक स्टाफ की विधानसभा निर्वाचन कार्य में व्यस्तता के कारण समय-सीमा में बदलाव संभव है।अल्पसंख्यक संस्थानों को आरटीई से छूट स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नर्मदापुरम जिले में शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्रवेश पर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि जिले में अल्पसंख्यक अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थानों की संख्या शून्य है, जबकि गैर-अनुदान प्राप्त संस्थान 11 हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के तहत अल्पसंख्यक स्कूलों को आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश देने की बाध्यता से मुक्त रखा है।

### साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल के तत्वावधान में जिला एड्स नियंत्रण समिति नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में "विश्व एड्स जागरूकता सप्ताह2025" के अंतर्गत साप्ताहिक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रियांशी एजुकेशनल, कल्चरल एंड सोशल सोसायटी, नर्मदापुरम द्वारा संचालित इस पहल में "व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना" तथा "स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता ही संकल्प" जैसे संदेशों को प्रमुखता दी गई। भोपाल चौराहा और नेहरू पार्क चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में पोस्टर, बैनर आदि के माध्यम से एचआईवीएड्स के कारण, लक्षण और रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई।

# शासकीय होम साइंस कालेज में प्रारंभ हुआ मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में गुरूवार को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ।प्राचार्य डॉ.कामिनी जैन ने बताया कि मशरूम कल्चर आज कृषि, पोषण, रोजगार और पर्यावरण चारों क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। भूमिहीन कृषिकों के लिए आर्थिक रूप से स्वावलंबन का महत्वपूर्ण साधन है। प्राचार्य डॉ. जैन ने बताया कि महाविद्यालय में विगत 12- 13 वर्षों से मशरूम उत्पादन किया जा रहा है।

महाविद्यालय के प्राध्यापक, तकनीशियन मशरूम उत्पादन के लिए प्रशिक्षित हो चुके हैं, पिछले वर्ष से जिला जेल में डिप्टी जेलर श्री पांडे ने महाविद्यालय की टीम द्वारा कैदियों को मशरूम उत्पादन प्रक्रिया से अवगत कराया है। प्रीति ठाकुर के मार्गदर्शन में मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया की जा रही है। प्रीति ठाकुर ने बताया कि छात्राएं इस परियोजना के रूप में भी सीख रही है। इस अवसर पर डॉ. हर्षा चचाने, डॉ. संगीता अहिरवार, डॉ. रीना मालवीय, कु.स्वेता वर्मा, महाविद्यालयीन स्टाफ एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# एड्स जागरूकता अंतर्गत किया रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में विश्व एड्स दिवस सप्ताह अंतर्गत गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रासेयो के स्वयं सेवको द्वारा एड्स से बचाव का संदेश देती रांगोली बनाई गई। इस कार्यक्रम दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, सहायक प्राध्यापक अनिता ठाकुर, यशवंत यादव, ऊषा शर्मा एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारीद्वय आसिया खान व जीएस ठाकुर ने स्वयं सेवकों द्वारा बनाई गई संदेशात्मक रांगोलियों का निरीक्षण किया। प्रतियोगिता में कुमारी निकिता कुशवाहा, अंजली ठाकुर, अर्पित गुप्ता, शौर्य साहू एवं अन्य स्वयं सेवकों ने सहभागिता की।

## जिले में जल संरक्षण अभियान जारी

# नवांकुर संस्था क्षितिज की पहल, केसला में बोरी बंधान से दिया जल संचयन करने के लिए संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

केसला ब्लॉक के ग्रामीण इलाकों में भविष्य के जल संकट से निपटने और भूजल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। सेक्टर 04 की नवांकुर संस्था क्षितिज ने ग्रामीणों के सहयोग से नालों और छोटी नदियों पर बोरी बंधान बनाकर बहते पानी को रोकने और जल संचयन का संदेश दिया है।यह अभियान वर्षा ऋतु के बाद नालों से व्यर्थ बह जाने वाले पानी को रोकने पर केंद्रित है, जिससे जल संकट से जूझ रहे किसानों और पशुपालकों को राहत मिल सके।संस्था क्षितिज के अध्यक्ष कन्हैया लाल सराठे ने इस पहल के महत्व को उजागर करते हुए बताया कि, हर साल पानी बहकर चला जाता था और हम सूखे खेतों को देखते रह जाते थे। इस बार हमने ठान लिया कि पानी को यहीं रोका जाएगा। बोरी बंधान की यह पहल न केवल जलस्तर बढ़ाने में मदद करेगी, बल्कि खेती और पशुपालन को भी संजीवनी देगी। इस कार्य में मुख्य आयोजक संस्था क्षितिज के साथ सहयोगी संस्था के रूप में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ने भागीदारी की।इस सामूहिक प्रयास में परामर्शदाता निधि शर्मा सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों निखिल, अनुराग, देवजीत, रागनी, और पार्वती ने भी श्रमदान किया और ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया।




उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, ग्राम की एकजुटता ही ऐसे अभियानों की सफलता का आधार होती है। यह बोरी बंधान अभियान यह दिखाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भागीदारी और सामूहिक प्रयास से जल संरक्षण जैसे बड़े लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है, जिससे कृषि और पारिस्थितिकी दोनों को लाभ मिलेगा।

### चाणक्य कप क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बैठक 7 को

**इटारसी।** गांधी मैदान में चाणक्य कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए एक आवश्यक बैठक 7 दिसंबर को दोपहर 1 बजे परशुराम भवन में होगी। यह टूर्नामेंट 28 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति, नर्मदापुरम के जिलाध्यक्ष सुनील पाठक और टूर्नामेंट प्रभारी राकेश दुबे ने संयुक्त रूप से यह सूचना जारी की है। सभी टीमों के कप्तानों को सूचित किया है कि इस महत्वपूर्ण बैठक में उनका उपस्थित रहना अनिवार्य है। आयोजन समिति ने सभी कप्तानों से अनुरोध किया है कि वे आयोजन संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अपना बहुमूल्य समय निकालकर बैठक में अवश्य शामिल हों

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस कल

**बैतूल।** फूले शाहू, अम्बेडकर वरिष्ठ नागरिक जनजागृति समिति द्वारा कल शनिवार डॉ.बाबा साहब अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस अम्बेडकर चौक पर मनाया जाएगा। इस संबंध में समिति अध्यक्ष एस एल चौकीकर व सचिव एमएल पाटील ने बताया कि शनिवार प्रातः 9 बजे वंदना की जाएगी व शाम 6 बजे मोमबत्ती प्रज्वलित कर अम्बेडकर के विचारों पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष एस एल चौकीकर, सचिव एमएल पाटील, सीएल खातरकर, तुकाराम लोखंडे, बीएल मोसादकर, सीएन डोंगरे, प्रकाश उबनारे, प्रो.बीडी खातरकर, भाऊराव भालेकर, भाऊराव पाटील ने उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### सामाजिक जनकल्याण समिति की मासिक बैठक आज

**बैतूल।** सामाजिक जनकल्याण समिति बैतूल की मासिक बैठक आज दिनांक 5 दिसंबर को शहीद भवन में आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष सूरजलाल मंडलेकर ने सभी पदाधिकारियों से सुबह 11 बजे समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में आगामी 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही माह फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले पारिवारिक मिलन समारोह की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में अन्य आवश्यक बिंदुओं पर भी निर्णय लिए जाएंगे।


### चाकू की नोक पर हुई लूट का खुलासा

**बैतूल।** बैतूल बाजार पुलिस ने चाकू अड़ाकर की गई सोने के आभूषणों की लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को पीआर पर लेकर लूट का माल बरामद किया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 11 मई 2025 की रात लगभग 11.30 बजे ताप्ती घाट मोड़ पर फरियादी दीपचंद राठौर एवं उनकी पत्नी को तीन अज्ञात बदमाशों ने मोटर साइकिल रोककर चाकू दिखाते हुए सोने के कान के झुमके व मंगलसूत्र लूट लिए। लूटे गए आभूषणों की कीमत लगभग 40,000 रुपये आंकी गई। इस पर थाना बैतूल बाजार में धारा 309(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि लूट की वारदात संजू उर्फ संजय परते (ग्यारसपुर), मोहित उइके (किला खंडारा) एवं लंगडू (बगबाड़) द्वारा की गई थी। मुख्य आरोपी संजू उर्फ संजय परते पूर्व से जेल में बंद होने के चलते उसे न्यायालय से एक दिवस का पीआर लेकर पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल ताप्ती घाट क्षेत्र में ले जाया गया। आरोपी के मैदानदर्शी बयान पर उसकी निशानदेही से जंगल में अर्जुन के पेड़ के नीचे छिपाकर रखे गए सोने जैसे कान का झाला, मंगलसूत्र पेंडल एवं 12 मोती बरामद कर विधिवत जप्त किए गए। अन्य आरोपी मोहित उइके एवं लंगडू फरार हैं, जिनकी तलाश लगातार जारी है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अंजना धुर्वे, थाना प्रभारी बैतूल बाजार, उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ठाकुर, सउनि रमन कुमार धुर्वे आदि का रहा सराहनीय योगदान।

## ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा आवेदन, वन विभाग ने मानी मौजूदगी

# भौंरा में तेंदुए की दस्तक से दहशत डर के साये में जी रहे ग्रामीण

### फॉरेस्ट कॉलोनी में बंदर का शिकार करते देखा गया कॉलर आईडी लगा तेंदुआ



केपी अग्निहोत्री ⏭ भौंरा

नगर के रेंज ऑफिस से सटे रिहायशी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए की लगातार मौजूदगी से जंहा लोग भयभीत हैं, वंही छोटे बच्चे स्कूल जाने से भी डर रहे हैं। बुधवार सुबह फॉरेस्ट कॉलोनी में मोहल्ले के शंकर राव कावडक़र ने स्वयं तेंदुए को बंदर का शिकार करते हुए देखा।

ग्रामीणों ने बताया कि यह वही तेंदुआ है जिसके गले में कॉलर आईडी लगी हुई है, जिसकी पुष्टि वन विभाग द्वारा की गई है। सोमवार की रात करीब दो बजे मोहल्ले के निवासी अनिल जोशी अपनी चारपहिया गाड़ी खड़ी करके घर के अंदर जा रहे थे, तभी गाड़ी की हेडलाइट की रोशनी में गली के मोड़ पर तेंदुआ खड़ा नजर आया। लाइट पड़ते ही वह जंगल की ओर भाग गया। सुबह जब लोगों को इसकी जानकारी दी गई, तो वे मौके पर पहुंचे, जहाँ उसके स्पष्ट पगमार्ग मिले। इसकी सूचना तत्काल भौंरा वन विभाग को दी गई। बुधवार फिर उसी क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई देने पर मोहल्ले के लोगों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) शाहपुर को एक आवेदन देकर तत्काल रेस्क्यू टीम बुलाने की मांग की।

#### वन विभाग ने माना: तेंदुआ इलाके में सक्रिय, मॉनिटरिंग जारी

भौंरा वन परिक्षेत्र अधिकारी विजेंद्र तिवारी ने बताया कि भौंरा ग्राम के आसपास तेंदुए की मौजूदगी लोकेट हुई है। हमारी टीम लगातार इलाके की मॉनिटरिंग कर रही है। सभी ग्रामवासियों से अपील है कि वे सतर्क रहें, छोटे बच्चों और पशुओं को घर के भीतर रखें, रात्रि के समय अकेले बाहर न निकलें। बहुत आवश्यकता होने पर ही तीन-चार लोगों के समूह में शोर करते हुए निकले और कुछ दिनों तक जंगल क्षेत्र से दूरी बनाए रखें। वन विभाग सूत्रों के अनुसार, तेंदुए की मूवमेंट को अब ट्रैकिंग जोन के रूप में चिह्नित किया गया है और उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। विभाग ने बताया कि रेस्क्यू टीम के साथ तेंदुए को पकडऩे का प्रयास लगातार जारी है।

#### स्थानीयों की आवाज-अब तो बच्चे भी स्कूल जाने से डरते हैं

फॉरेस्ट कॉलोनी निवासी राजेश ने कहा कि अब बच्चे स्कूल तक जाने से डर रहे हैं। लोग समूह बनाकर ही बाहर निकल रहे हैं। वहीं मोहल्ले की रेखा बाई ने बताया कि रात में हल्की सी आहट पर पूरा परिवार जाग जाता है। हर आवाज पर लगता है जैसे पास ही तेंदुआ घूम रहा हो। लोग बड़े डरे सहमे से है तथा रात में ठीक से सो भी नहीं पा रहे हैं। क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो किसी भी समय जनहानि हो सकती है। आवेदनकर्ता ओ.पी. कावडक़र ने कहा कि विभाग की रेस्क्यू टीम केवल भगाने का काम कर रही है, पकडऩे का नहीं। हम जानना चाहते हैं कि अगर कोई हादसा होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा?

#### भौंरा में तीसरी बार दिखा तेंदुआ

यह पहला मौका नहीं है, जब भौंरा और उसके आसपास के इलाकों में तेंदुआ देखा गया हो। पिछले दो माह में यह तीसरी घटना है, जब वन विभाग ने क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की है। पिछले माह भी गुरगुंदाझधपाड़ा मार्ग के पास तेंदुए के पदचिह्न दर्ज किए गए थे। लगातार बढ़ती घटनाओं से स्पष्ट है कि जंगल से सटे रिहायशी इलाके, अब वन्यजीव मूवमेंट के नए कॉरिडोर बन रहे हैं।

#### जनसुरक्षा के सवाल पर उठे गंभीर सवाल

अब जब तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि खुद वन विभाग ने कर दी है और वह दो बार रिहायशी क्षेत्र में दिख चुका है, तो सवाल यह उठ रहा है। कि क्या प्रशासन किसी हादसे का इंतजार कर रहा है ? ग्रामीणों का कहना है कि यदि तेंदुए को तत्काल पकड़ा नहीं गया, तो यह घटना किसी भी दिन जनहानि में बदल सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अब वक्त बयान का नहीं, कार्रवाई का है। तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा जाए।

#### प्रयास कर रहे हैं

वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में तेंदुए की गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रही है। एसटीआर (सतपुड़ा टाइगर रिजर्व) की रेस्क्यू टीम के साथ मिलकर पहले भी दो स्थानों पर पिंजरे लगाए जा चुके हैं, लेकिन तेंदुआ उनमें नहीं फंसा। अब विभाग नई तकनीक और आधुनिक उपकरणों की मदद से तेंदुए को सुरक्षित पकडऩे के प्रयास कर रहा है।

**- नवीन गर्ग**, डीएफओ, उत्तर वन मंडल बैतूल

तेंदुए की लोकेशन आज भी भौंरा क्षेत्र में उन्हीं स्थानों पर देखी जा रही है, जहां पर कल उसे देखा गया था। तेंदुए को पकडऩे के लिए पिंजरे लगाये जा चुके है तथा अन्य उपकरणों की मदद भी ली जा रही है।

**- मूलचंद परते**, डिप्टी रेंजर भौंरा

## 48 घंटे में पुलिस को मिली सफलता बडोरा मंडी से चोरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** बैतूल बाजार पुलिस ने बडोरा मंडी से चोरी हुए 10 लाख रुपए मूल्य के एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को 48 घंटे के भीतर बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशों पर की गई। फरियादी संजू सलाम ने 2 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका ट्रैक्टर (एमपी 48 जेडबी 6298) और ट्रॉली बडोरा मंडी से अज्ञात चोर द्वारा चुरा लिया गया था। इस संबंध में थाना बैतूल बाजार में धारा 305(बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और डीएसपी दुर्गेश आर्मो के मार्गदर्शन में थाना बैतूल बाजार पुलिस की टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और मुखबिरों से मिली सूचनाओं पर लगातार अनुसंधान किया। जांच के दौरान, मिलानपुर टोल टैक्स के आगे हवाई पट्टी के पास एक संदिग्ध ट्रैक्टर को रोका गया। पूछताछ में चालक की पहचान विशाल पिता स्व. सुखदेव तुमडाम (23 वर्ष), निवासी किला खंडारा, बैतूलगंज के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी विशाल को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से चोरी किया गया ट्रैक्टर-ट्रॉली विधिवत जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस सफलता में थाना प्रभारी बैतूल बाजार, निरीक्षक अंजना धुर्वे, उनि नरेंद्र सिंह ठाकुर, सउनि रमन कुमार धुर्वे, सउनि संजय कलम, प्रआर प्रहलाद उइके, आर. अरुण लौवंशी, आर. माखन पाल और आर. विशाल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## केंद्रीय विद्यालय में भारतीय नौसेना दिवस मनाया गया



**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारणी में भारतीय नौसेना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा सातवीं के विद्यार्थी- आराध्य, ग्रथिक, दिशार्थ, स्वरा, सम्यक, कुणाल, विवेक ने एक शानदार नृत्य प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों की ऊर्जा, तालमेल और अनुशासन ने कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक तथा यादगार बना दिया। नृत्य का निर्देशन के तानिया परिहार और जाह्नवी श्रीवास्तव के द्वारा किया गया था। इसके साथ ही विद्यालय में भारतीय भाषा संगम उत्सव की भी शुरुआत की गई। इस उत्सव के अंतर्गत भाषा-वृक्ष प्रदर्शन तथा भाषाई धरोहर दीवार का सुंदर रूप से प्रदर्शन किया गया। इन प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की विविध भाषाओं, उनकी समृद्ध परंपराओं तथा सांस्कृतिक विरासत को प्रभावी रूप से दर्शाया गया। यह कार्यक्रम अनेक भाषाएँ-एक भावना के विषय पर आधारित है। भारतीय भाषाई विविधता को सम्मान देने और विद्यार्थियों में भाषाई एकता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से यह उत्सव 11 दिसंबर तक आयोजित किया जाएग। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की सहभागिता, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के उत्कृष्ट संयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक मनराज मीना ने किया।

## जिला चिकित्सालय में 102 पद खाली, मशीनें बंद: डागा




**बैतूल।** जिला कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने भाजपा शासन की नीतियों, अव्यवस्थाओं, स्वास्थ्य ढांचे की तबाही, किसानों की दुर्दशा और जनता के साथ किए गए वादों की अनदेखी के बारे में पत्रकारों को बताते हुए कहा कि सरकार विकास के नाम पर झूठ का महल खड़ा कर रही है, जबकि जमीन पर जनता बदहाली, भ्रष्टाचार और उपेक्षा झेल रही है। जिले में दलित, आदिवासी और मुस्लिम समुदाय के लगभग 20 प्रतिशत नाम एसआईआर से हटा दिए गए हैं। डागा ने पीपीपी मोड पर बनने वाले मेडिकल कॉलेज को लेकर भी सवाल उठाये। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर कहा कि जिला अस्पताल में स्वीकृत 133 डॉक्टरों के पदों में से 102 पद खाली हैं। वहां पिछले छह महीनों से सोनोग्राफी मशीन बंद पड़ी है और मुलताई अस्पताल में भी उपचार प्रभावित है। मेडिकल कॉलेज को पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर बनाने के निर्णय पर डागा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह कदम जनता के हित में नहीं है, बल्कि निजी स्वार्थों को साधने के लिए लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता जिला अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। एसआईआर से नाम हटाने के आरोप पर डागा ने कहा कि भाजपा इसे वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी पर लगाकर स्कूलों में पढ़ाई बाधित की जा रही है। बीएलओ को बेहद मानसिक दवाब देकर जल्दबाजी में यह काम सरकार के द्वारा करवाया जा रह है।

## ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता दुर्गा येवले आज आएंगी बैतूल

### प्रथम नगर आगमन पर जगह-जगह होगा भव्य स्वागत



**बैतूल।** वर्ल्ड कप टी-20 ब्लाइंड क्रिकेट में भारत का परचम लहराने वाली होनहार खिलाड़ी दुर्गा येवले आज 5 दिसंबर को गृह जिला बैतूल आएगी। विश्व कप विजेता खिलाड़ी दुर्गा के प्रथम नगर आगमन के अवसर पर भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। सर्व यादव समाज तथा सामाजिक संगठनों के द्वारा दोपहर 12 बजे से आयोजित रोड शो धार बेरियर से प्रारंभ होगा। यह रैली धार-भौरा, शाहपुर, पाढर, आठवामिल, सोनाघाटी, चक्कर रोड, कोतवाली चौक, बस स्टेण्ड, मीडिया सेंटर, कलेक्ट्रेट शिवाजी चौक पहुंचेगी। इस दौरान यहां सर्व यादव समाज द्वारा ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता दुर्गा येवले का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद रैली एसपी ऑफिस के सामने से आहुजा शोरूम, गंज टांगा स्टैंड चौक, मेकेनिक चौक, बीजेपी कार्यलय के सामने से होते हुए भैंसेदही तहसील के ग्राम राक्सी के गौलीढाना के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान जगह-जगह खेल प्रेमियों और सामाजिक बंधुओं द्वारा ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता का भव्य सम्मान किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि 11 नवंबर से 25 नवंबर तक टी-20 ब्लाइंड वर्ल्ड कप में बैतूल जिले के भैंसेदही तहसील के ग्राम राक्सी के गौलीढाना की दुर्गा येवले ने भारत का नेतृत्व किया। टी-20 ब्लाइंड वर्ल्ड कप में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल, इंग्लैंड, अमेरिका और श्रीलंका सहित 7 टीमों ने हिस्सा लिया था। भारत और श्रीलंका ने मिलकर इस टूर्नामेंट की सह मेजबानी की थी। होनहार खिलाड़ी दुर्गा के बेहतर खेल प्रदर्शन से बैतूल जिला सहित प्रदेश गौरवान्वित हुआ है।

## अवैध उत्खनन के प्रकरण में 1 लाख 26 हजार की शास्ति की प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 28 नवंबर 2025 को तहसील आमला के ग्राम बामला (सोनारगोंदी) स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 153, रकबा 2.388 हेक्टेयर क्षेत्र के अंश भाग पर पूर्व से निर्मित तालाबनुमा संरचना में खनिज मुरूम का अवैध उत्खनन कर परिवहन किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से उक्त क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया गया।

जांच के दौरान मौका स्थल पर ठेकेदार तिरूपति कंस्ट्रक्शन कम्पनी के द्वारा लोक निर्माण विभाग बैतूल के अंतर्गत निर्माणाधीन मार्ग में उपयोग किए जाने के प्रयोजन से खनिज मुरूम के उत्खनन से बना एक बड़ा गड्ढा पाया गया, जिसकी माप टेप से की गई। मौके पर कंपनी द्वारा 84 घन मीटर खनिज मुरम का उत्खनन कर अवैध परिवहन किये जाने से प्रकरण तैयार कर कुल शास्ति 1 लाख 26 हजार की राशि प्रस्तावित की गई है। वहीं, पिछले दिनों खनिज अमला द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान चिचोली क्षेत्रांतर्गत ग्राम चूनाहजूरी के समीप से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 डम्पर क्रमांक एमपी 38 एच 5191 को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थाना की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है एवं ग्राम हर्रावाड़ी के समीप से खनिज मुरूम के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 48 एए 7874 को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही जारी है। उक्त अवैध उत्खननकर्ता, परिवहनकर्ता के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अर्थदण्ड प्रस्तावित कर प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

### प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के दिए निर्देश

# संभागायुक्त ने तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को तहसील कार्यालय मुलताई का औचक निरीक्षण कर यहां की प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सीमांकन, बटवारा और नामांतरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदारों को राजस्व न्यायालय की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री तिवारी ने कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ एसडीएम न्यायालय एवं तहसीलदार न्यायालय में लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने रीडर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण ऑफलाइन दर्ज न किया जाए तथा सभी प्रकरणों को आरसीएमएस प्रणाली में दर्ज कर नियमानुसार सुनवाई की जाए। संभागायुक्त ने तहसील कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन की भी बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस व्यवस्था



प्रशासनिक पारदर्शिता और जनहित में कार्य करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने इसके संचालन में कमियों पर नाराजग़ी व्यक्त करते हुए एसडीएम और तहसीलदार को नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आमजनों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया और उनके निराकरण के लिए तत्काल आवश्यक निर्देश दिए गए।

संभागायुक्त श्री तिवारी ने पटवारियों के प्रतिमाह वेतन आहरण, समयमान वेतनमान, वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन, कृषि संगणना मानदेय आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पटवारियों के लिए सभी कार्यालयीन पत्राचार केवल शासकीय ई-मेल आईडी के माध्यम से ही किया जाए। मुलताई सबडिवीजन के सभी 135 पटवारियों की जानकारी एकत्र कर उन्हें पीआईएमएस पोर्टल पर ऑनबोर्ड करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने तहसीलदार को बकाया समयमान वेतन के सभी प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने और कृषि संगणना एवं स्वामित्व योजना के लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी पटवारी का एनपीएस कटौती बकाया न रहे, इसकी जांच अनिवार्य रूप से की जाए।

सार्थक एप पर ई-अटेंडेंस की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संभागायुक्त ने कहा कि सभी पटवारी व कर्मचारी अनिवार्य रूप से एप पर उपस्थिति दर्ज करें। अनुपालन न करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

## किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**शाहपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने ट्रैक्टर वाहन रैली निकाली और जनपद कार्यालय से तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर किसान-विरोधी नीतियों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि सरकार ने मक्का का समर्थन मूल्य 2400 रखा है, परंतु मक्का 1200 रुपए बिक रही है। जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। धान का समर्थन मूल्य 3100 है, तो उसे भी 3100 के समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए। खाद की समस्या पर भी कांग्रेसियों ने विरोध जताया। पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावी ने बताया कि किसानों को खाद जो 400रुपए में मिलना चाहिए, वह खाद किसान डबल मूल्य देकर खरीद रहे हैं। खाद की व्यवस्था किसानों के लिए एक निर्धारित मूल्य पर की जानी चाहिए और उसमें कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए। ज्ञापन युवा कांग्रेस के नेतृत्व में दिया गया।

**CHANGE OF NAME**

I, **Smt. MINAKSHI** is legally wedded widow of JC-461723 Nb Sub (Late) Gurudayal Sahu resident of House No.- 175/1, V.P.O. Bishnoor, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP) have changed my name from **MINAKSHI** to **MINAKSHI SAHU** vide Affidavit dated 04-12-2025 before Notary Betul, Distt.- Betul (MP.)

**CHANGE OF NAME**

I, No. 14657344L EX Sep **HEMANT KUMAR** resident of Vill. - Kumariya, PO-Betul, Teh. & Distt. - Betul, PIN - 460001 State- MP have changed my daughter's name from **NAMITA** to **NAMITA BAMNE** vide Affidavit dated 03-12-2025 before Notary Betul, Distt.- Betul (MP.)

## खबर संक्षेप

### चोरी की घटना को दिया बदमाशों ने अंजाम

**चापडा।** बागली नगर में बीच बाजार स्थित एक दुकान में अज्ञात बदमाश चोरी की घटना को अंजाम दे कर फरार हो गए।पुलिस थाना बागली से मिली जानकारी अनुसार फरियादी पवन पिता घनश्याम राठौर ने बताया कि गांधी चौक साँई मंदिर के सामने स्थित दुकान में चोरी कि घटना को अंजाम दिया गया। 2 दिसंबर रात 02 बजे से रात 02.45 बजे के बीच चोरी हुई है। दुकान में 03 से 04 पुराने मोबाइल रिपेयरिंग हेतु रखे थे तथा पेनड्राइव, एसडी कार्ड, होम थिएटर, टॉर्च, अन्य ऐसेसीरीज दुकान में रखे थे जो रात में कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी दुकान की शटर के ताले तोड़कर करीबन 10 हजार का सामान ले गया। पुलिस व्दारा उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### घायल को पहुंचाया अस्पताल

**चापडा।** बाइक सवार दिनेश पिता मनोहर उम्र 50 साल निवासी बिचोली मरदाना इंदौर से बागली होकर जटाशंकर घाट के नीचे से जिनवाणी अपने ससुराल जा रहा था। तभी डेरी बोरी के समिप अचानक उसकी गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया, जिस कारण बाइक गिर गई, जिससे उसके सर में चोट आई। आपात कॉल पर 112 चापड़ा गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची।

## जामुनडोल में अपहरण की सनसनीखेज वारदात, सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

# 13 साल के स्कूली छात्र ने चलती ट्रेन से छलांग लगाकर बचाई अपनी जान

केसला ब्लॉक का 13 वर्षीय बालक अपनी जान जोखिम में डालकर चलती ट्रेन से कूदा और अपहरणकर्ता के चुंगल से छूटकर भाग निकला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



केसला ब्लाक का 13 वर्षीय बालक अपनी जान जोखिम में डालकर चलती ट्रेन से कूदा और अपहरणकर्ता के चुंगल से छूटा है। हौसले की यह कहानी है नर्मदापुरम जिले के 13 वर्षीय स्कूली छात्र की, जिसने मंगलवार को हुए अपने अपहरण के बाद, बदमाशों के चंगुल से निकलने के लिए मौत को चुनौती दे दी। बच्चे की असाधारण सूझबूझ और हिम्मत ने न सिर्फ उसे अपहरणकर्ताओं से बचाया, बल्कि एक बड़े खतरे को भी टाल दिया।

### स्कूल जाते वक्त हुआ अपहरण

घटना मंगलवार की है, केसला थाना क्षेत्र के ग्राम जामुनडोल का 13 साल का यह छात्र रोज की तरह कालाआखर स्कूल जाने के लिए निकला था। रास्ते में घात लगाए बैठे अज्ञात बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया। अपहरण के बाद, आरोपी बच्चे को बाइक पर बैठाकर सीधे इटारसी रेलवे स्टेशन ले आए।

### चलती ट्रेन से लगाई जानलेवा छलांग

अपहरणकर्ताओं का इरादा बच्चे को ट्रेन के माध्यम से जिले से बाहर ले जाने का था। उन्होंने छात्र को एक ट्रेन में बैठा दिया। मगर, इस 13 साल के जांबाज बच्चे के दिमाग में भागने का प्लान चल रहा था। स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद, जैसे ही ट्रेन ने गति पकडने से पहले धीमी रफ्तार पकड़ी, छात्र ने एक पल की भी देर न करते हुए चलती ट्रेन से छलांग लगा दी।

ट्रेन से कूदने के कारण बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई, लेकिन उसकी यह जानलेवा हिम्मत रंग लाई। वह अपहरणकर्ताओं के चंगुल से आजाद हो गया।बच्चे को घायल अवस्था में देखकर जीआरपी इटारसी ने तत्परता दिखाई। जवानों ने तुरंत बच्चे को उठाया और उसका प्राथमिक उपचार कराने के लिए इटारसी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद, जीआरपी ने बच्चे से विस्तृत पूछताछ कर उसके परिजनों का पता लगाया।

सूचना मिलते ही देर शाम परिजन, सरपंच दुर्गेश धुर्वे और सुमित सेलूकर तत्काल जीआरपी थाना इटारसी पहुंचे। बच्चे को सकुशल परिजनों को सौंप दिया। बच्चे की इस बहादुरी और सूझबूझ की चारों तरफ सराहना हो रही है।

फिलहाल, पुलिस अज्ञात अपहरणकर्ताओं की तलाश में जुट गई है और पूरे मामले की जांच कर रही है। जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे के अनुसार बच्चे ने उसे बाइक पर लाने की बात कही है, उसके बयान लेकर परिजनों को सौंप दिया है। मामला केसला के जामुनडोल का है, अतः यह केस केसला पुलिस को भेजा गया गया है। रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं ताकि अपहरणकर्ताओं की पहचान हो सके।

## पीएम श्री स्कूल में किया मृदा स्वास्थ्य परीक्षण का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर ब्लॉक में गत दिवस पीएम श्री श्रेणी के दो शासकीय विद्यालयों में कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये गए। शिवरों में कृषि विभाग के उप संचालक जेआर हेड़ाऊ के निर्देश अनुसार विद्यार्थियों को मिट्टी के परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया है।

कृषि विभाग सोहागपुर प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एसके बर्डे ने बताया कि पीएम श्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर व पीएम श्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कामती रंगपुर में एक ही दिवस में प्रशिक्षण के दो सत्र आयोजित किए गए। बर्डे के अनुसार नोडल अधिकारी कृषि विभाग सहायक संचालक शैलेंद्र राठौर प्रशिक्षण सत्रों में विशेष रूप से उपस्थित रहे। राठौर ने दोनों विद्यालयों में कक्षा सातवीं, आठवीं, नवमी तथा 11 वीं के विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य परीक्षण का प्रशिक्षण दिया। राठौर ने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी फसल के बेहतर उत्पादन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग होता है। मिट्टी का स्वस्थ होना अर्थात मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर्याप्त होना इसके लिए मिट्टी में समस्त आवश्यक तत्व फसल की किस्म के अनुकूल होने चाहिए। प्रशिक्षण शिविरों में शासकीय कन्या शाला सोहागपुर प्राचार्या सुनीता गढ़वाल तथा कामती विद्यालय प्राचार्या लक्ष्मी काकोड़िया एवं स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### होते हैं 17 पोषक तत्त्व

राठौर ने विद्यार्थियों को बताया कि मिट्टी में 17 पोषक तत्त्व पाए जाते हैं। तथा ये सभी पोषक तत्त्व पौधे के संपूर्ण विकास एवं सफल जीवनकाल के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण किस तरह किया जाना चाहिए। इसकी विस्तृत एवं पूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को शैलेंद्र राठौर व प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एसके बर्डे ने दी।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पहले दिन ही खराब धान डालकर किसान हुआ नदारद

### सर्वेयर नमूने के तौर पर ले रहे 5 किलो धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र में लगभग 8खरीदी केंद्र तैयार किए गए हैं। लेकिन अभी खरीदी प्राऱभ ही हुई और मुहुर्त में ही किसी किसान ने खराब किस्म की धान खरीदी केंद्र पर गाड़ी खाली करके चला गया है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जा रही है तो यह तय समझा जाता है कि राइस मिलों के डीओ कटने से पहले ही खेल समन्वयक से शुरू हो गया है।

सेवा सहकारी समिति साडिया में दो सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं। राजेश पटेल यश वसंत चौधरी ने बताया कि प्रारंभ में ही कोई किसान ढेर लगा गया है किसान की जानकारी नहीं मिल रही है। फिलहाल में ढेर चिन्हित कर दिया गया है। वहीं पर किसानों का कहना है सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं। लेकिन अभी तक किसी भी सरकारी अधिकारी के द्वारा इन्हें मशीन नहीं दी गई है। जिसमें नमी, कचरा,कि जांच कराई जाए। सेंपिल के नाम पर 6किलो धान ली जा रही है।

रइस तरह से खेल चालू हो गया है। `खाद नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के माध्यम से खरीफ उपार्जन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य 2369रूपे प्रति कुंवटलके मान से निर्धारित किया गया है। केंद्र पर अनमितता काफी है। किसान को कोई सुविधा नहीं है।बैठक पीने का पानी टेंट कुर्सी तौर कांटे भी पर्याप्त मात्रा में नहीं है। शौचालय नहीं है। अधिकारी वर्ग ने निरीक्षण किया गया है।पर किसान उससे भावनात्मक रूप से संतुष्ट नहीं हैं। महेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि अभी शुरूआत में ही इस तरह किसान को नहीं करना चाहिए। निरस्त कर दिया गया है। सर्वेयर नियुक्त ने बताया कि सैंपलिंग कम ही की जावेगी।

## शास. उत्कृष्ट उमावि केसला में मनाई गई गीता जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसला में तीन दिवसीय गीता जयंती समारोह का समापन उत्साहपूर्ण व गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 425 विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की।

तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने भगवद्गीता के पन्द्रहवें अध्याय का पारायण अनुशासन, भक्ति और एकाग्रता के साथ किया गया। संचालन विद्यालय की छात्रा कुमारी ट्विंकल बान्से ने प्रभावशाली और संयमित तरीके से किया।समारोह में रामजीवन सिंह ने गीता के महत्व संदेश एवं जीवन में उसके व्यवहारिक प्रयोग पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य गजेन्द्र गौर ने गीता जयंती के उद्देश्य, आध्यात्मिकता एवं विद्यार्थियों के जीवन में उसके सकारात्मक प्रभाव को विद्यार्थियों के समक्ष प्रेरक शैली में प्रस्तुत किया। लीला तायड़े ने बच्चों के लिए सरल एवं सहज भाषा में गीता का सार समझाया।

## सुपरली के किसान ने दिया अनाज की कला से परमाणु सुरक्षा का संदेश, तस्वीर भी बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



केसला ब्लॉक के ग्रामीण इलाकों में भविष्य के जल संकट से निपटने और भूजल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। सेक्टर 04 की नवांकुर संस्था क्षितिज ने ग्रामीणों के सहयोग से नालों और छोटी नदियों पर बोरी बंधान बनाकर बहते पानी को रोकने और जल संचयन का संदेश दिया है।

यह अभियान वर्षा ऋतु के बाद नालों से व्यर्थ बह जाने वाले पानी को रोकने पर केंद्रित है, जिससे जल संकट से जूझ रहे किसानों और पशुपालकों को राहत मिल सके।एकजुटता से जल संरक्षण का संकल्पसंस्था क्षितिज के अध्यक्ष कन्हैया लाल सराठे ने इस पहल के महत्व को उजागर करते हुए बताया कि, हर साल पानी बहकर चला जाता था और हम सूखे खेतों को देखते रह जाते थे। इस बार हमने ठान लिया कि पानी को यहीं रोका जाएगा। बोरी बंधान की यह पहल न केवल जलस्तर बढ़ाने में मदद करेगी, बल्कि खेती और पशुपालन को भी संजीवनी देगी।

इस कार्य में मुख्य आयोजक संस्था क्षितिज के साथ सहयोगी संस्था के रूप में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ने भागीदारी की।इस सामूहिक प्रयास में परामर्शदाता निधि शर्मा सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों निखिल, अनुराग, देवजीत, रागनी, और पार्वती ने भी श्रमदान किया और ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, ग्राम की एकजुटता ही ऐसे अभियानों की सफलता का आधार होती है। यह बोरी बंधान अभियान यह दिखाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भागीदारी और सामूहिक प्रयास से जल संरक्षण जैसे बड़े लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है, जिससे कृषि और पारिस्थितिकी दोनों को लाभ मिलेगा।

## सर्वोदय विद्यापीठ में लगाया गया विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




वीजनबाडा पंचायत में सर्वोदय विद्यापीठ हायरसेकेंडरी स्कूल संचालक आनंद प्रकाश शर्मा ने बताया कि विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट दिशा चांडक ने छात्र छात्राओं को पाकसो एक्ट और जुविनाइल एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। तथा सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान पर भी संवाद स्थापित किया गया।राइट टू एजुकेशन मिड डे मील पर भी विचार किया गया।

आधुनिक युग में मोबाइल के बढ़ते प्रभाव को कम करने पर जोर दिया गया। तकनीकी संबंधित सुरक्षा उपाय पर भी कानून व्यवस्था बनाए रखने के बारे में जानकारी दी गई। मोबाइल पर बात कर रहे हैं और हम उनकी अनजान लिंक को ना खोलने की जानकारी दी गई।

गुड टच बैंड टच बड़ेमें भी जानकारी दी गई। अनेकानेक विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान सभी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं के साथिम्श्रा,अंजू जाटव आशीष कुमार रोहित रीडर सहित अन्य सभी शामिल हुए।

## ग्राम पंचायत में हमेशा फैला रहता है गंदगी का अंबार, सफाई नहीं होने से परेशान रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मरकाढाना में 3गांव संलग्न है। लेकिन सचिव लाल जी रघुवंशी ने पिपरिया में मकान बना हुआ है। रोजगार सहायक भी पिपरिया में निवास करने लगे हैं। वर्तमान में पंचायत मुख्यालय पर निवास नहीं करते हैं। तथा शासन के आदेश अनुसार प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को मंगलवार को पंचायत में रहना है।

लेकिन अभी तक किसी भी सरकारी अधिकारी कू आदेश अनुसार कार्य नहीं किया गया है। पंचायत के प्रत्येक गांव में गंदगी सड़कों पर पानी भराव गड्ढे होते हुए भी कोई सुधार नहीं हुआ है। जबकि पंचायत में दस्तावेज की फोटो कापी के ही 24000के विल लगाए गए हैं।नाली सफाई व्यवस्था के नाम पर भी ऐसे ही बिल लगाकर राशि आहरण की गई है। लेकिन सफाई व्यवस्था के नाम पर शून्य ही काम किया है। अनेकानेक सचिव रोजगार सहायक मुख्यालय पर निवास नहीं करते हैं। फिर भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया ने आज तक किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। कुछ बिल तो ऐसे हैं जो पोर्टल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं।इस बारे में सचिव लाल जी ने एस आई आर का बहाना बनाकर फोन काट दिया तो। रोजगार सहायक ने बताया कि बच्चे पढ़ रहे हैं इसलिए पिपरिया रहते हैं।पर समय समय पर हमेशा पंचायत आते हैं।

## नारी जागृति मंच ने दानवाखेड़ा में वस्त्रों का वितरण कर जगाई मानवता की अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नारी जागृति मंच, इटारसी द्वारा बैतूल जिले की घोड़ाडोंगरी तहसील के दुर्गम वनग्राम दानवाखेड़ा में 30 नवंबर 2025 को शीतकालीन वस्त्र एवं आवश्यक सामग्री वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच की टीम ने घने जंगल, पहाड़ी नालों और कठिन रास्तों को पार करते हुए कोरकू जनजाति बाहुल्य इस गांव में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। सेवा कार्य की मुख्य बातेंमंच की टीम ने महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को वस्त्र, जूते-चप्पल, खिलौने व अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की। मंच की संयोजिका श्रीमती विद्या मिश्रा के नेतृत्व में सुमन शर्मा, कीर्ति मालवीय, सुनयना तिवारी, रश्मि गायकवाड़, मालती त्रिपाठी, विधि मिश्रा, श्रीनिधि तिवारी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। इस सेवा अभियान में श्रमिक आदिवासी संगठन के राजेंद्र गढ़वाल और किसान आदिवासी संगठन के कपिल खंडेलवाल का विशेष सहयोग रहा।मंच की व्यवस्था के लिए पहलबुनियादी सुविधाओं बिजली, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी के अभाव से जूझ रहे ग्रामीणों ने अपने पारंपरिक नृत्य-गीतों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। गांव में संचालित समता पाठशाला में वर्तमान में 135 बच्चों को शिक्षा दी जा रही है, जहां शिक्षक बाबूलाल ग्रामीण सहयोग से निरंतर सेवा दे रहे हैं। क्षेत्र में बीमारी फैलने की सूचना को देखते हुए, मंच ने आयुष्मान कार्ड बनवाने और निःशुल्क उपचार की व्यवस्था हेतु भी पहल शुरू कर दी है।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

# दिव्यांगों को मिलने वाली विधिक सहायता योजना की दी जानकारी






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में एवं रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के निर्देशन में बुधवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 03 परिसर स्थित दिव्यांग छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर,जागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिताः- दौड़, थ्रोबॉल, बॉल बकेट, नीबू रेस, चेयर रेस, चित्रकला, भजन गायन, नृत्य आदि का आयोजन किया गया।

आयोजित हुए विधिक जागरूकता शिविर में रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने अपने उद्बोधन में उपस्थित दिव्यांग बच्चों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की योजना मानसिक बीमार एवं दिव्यांग व्यक्ति को निःशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी देकर उपस्थित बच्चों को जागरूक कर, शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया। उक्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया ।

इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम में कुंवर युवराज सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड देवास, अजय कुमार मिश्रा, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र देवास, किशोर वर्मा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केन्द्र देवास, सुनीता यादव उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन कल्याण विभाग देवास, रेणु गुप्ता एपीसी, सुरेश ठाकुर, प्रधान अध्यापक माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 03 देवास एवं समस्त स्टॉफ सहित छात्रावास के समस्त दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

## मारपीट के चार आरोपी पकड़े, भाई पर लड़की भगाने के आरोप में पीटा



**देवास।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने बुधवार को घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला 11 सितंबर 2025 की रात करीब 9 बजे का है, जब फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, जितेंद्र सोलंकी, पप्पू सोलंकी, राकेश चौहान और प्रकाश चौहान जबरन उनके घर में घुस आए। उन्होंने पीड़ित के भाई पर अपनी लड़की को भगाकर शादी करने का आरोप लगाते हुए गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद पुलिस ने धारा 331(6), 296, 115(2), 351(3), 3(5) के तहत केस दर्ज किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। आरोपियों में जितेंद्र सोलंकी (पिता यशवंत सोलंकी, 32 वर्ष), पप्पू सोलंकी (पिता जसवंतसिंह सोलंकी, 43 वर्ष), राकेश चौहान (पिता पिरुलाल चौहान, 33 वर्ष) और प्रकाश चौहान (पिता नवलसिंह चौहान, 48 वर्ष) शामिल हैं।

### स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण स्वीकृत करने में बेहतर समन्वय दिखे

# स्वरोजगार योजनाओं में स्वीकृति का अफसर बैंकर्स से नियमित फालोअप लें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने स्वरोजगार योजना से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण स्वीकृत करने में अधिकारियों व बैंकर्स में बेहतर समन्वय दिखे। कलेक्टर जैन गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों की स्वीकृति की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित बैंकर्स व स्वरोजगार योजना से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर जैन ने शासन से विभिन्न विभागों में संचालित स्वरोजगार योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्य तथा उसके विरूद्ध प्रस्तुत किये गये प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वरोजगार योजनाओं में स्वीकृति के लिये अधिकारी बैंकर्स से नियमित रूप से फालोअप लें। सभी बैंकर्स आपकी पूंजी, आपका अधिकार शिविर में आने वाले नागरिकों की बैंक संबंधी समस्याओं का निराकरण करें।

#### आपकी पूंजी, आपका अधिकार शिविर आज

भारतीय रिजर्व बैंक के आपकी पूंजी आपका अधिकार राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आज शुक्रवार को हरदा जिले की सभी बैंक शाखाओं द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में दोपहर 4 बजे से आयोजित होगा, शिविर में सभी हितग्राहियों को आमंत्रित किया गया है। आरबीआई के अनुसार जिन खातों में दो वर्ष से अधिक समय से लेन-देन नहीं हुआ है, वे निष्क्रिय माने जाते हैं, जबकि 10 वर्ष से अधिक समय तक दावा नहीं की गई राशि डीईए फंड में ट्रांसफर कर दी जाती है। ग्राहक या उनके कानूनी वारिस किसी भी बैंक शाखा में केवाईसी दस्तावेज के साथ फार्म जमा कर सत्यापन के बाद अपनी जमा राशि ब्याज समेत प्राप्त कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने शहीद इलापसिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना देखी

# एसआईआर में लापरवाही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का 15 दिन का वेतन रोका



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को हंडिया के समीप निर्माणाधीन शहीद इलापसिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के पम्प हाउस क्रमांक एक के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने हंडिया बैराज का निर्माण कार्य भी देखा।

संबंधित निर्माण एजेन्सियों को कलेक्टर ने दोनों कार्य समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम खेड़ा में हल्का पटवारी को लेपटॉप के साथ बीएलओ को एसआईआर मेपिंग के कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिये। ग्राम रातातलाई में एसआईआर. के निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के अनुपस्थित पाये जाने एवं कार्य में लापरवाही करने की जानकारी मिलने पर संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं पन्द्रह दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होने दोनों ग्राम पंचायतों में एसआईआर का काम शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

#### ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जैन ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जैन ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार, कांग्रेस राजनैतिक दल से संजय जैन एवं मनोज सांई, भारतीय जनता पार्टी से राजेश गोदारा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### एड्स जागरूकता कार्यक्रम

# मानव श्रृंखला से एड्स का लोगो बनाया, रंगोली उकेरी



**हरदा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचपी सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ. मृत्युंजय सिंह गहलोत के मार्गदर्शन में हरदा डिग्री कॉलेज हरदा के परिसर में गुरूवार को जिला एड्स नियंत्रण एवं रोकथाम समिति के सहयोग से हरदा डिग्री कॉलेज हरदा के रेड रिबन क्लब द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम एड्स लोगो बनाया गया। इस दौरान रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब के सदस्यगण द्वारा एड्स ज्ञान बचाए जान विषय पर स्लोगन के माध्यम जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। हरदा डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सिंहल, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सतेंद्र सिंह परिहार, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर समाज कार्य डॉ. मनोरमा चौहान, नीरज गुर्जर, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस हरदा से सहायक प्राध्यापक सुमित शर्मा, बलवान सिंह पवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# पत्नी से विवाद के बाद पति ने खाया जहर, जिला अस्पताल में भर्ती

**हरदा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के परशुराम चौक पर बन रहे प्रताप टॉकीज कॉम्प्लेक्स के चौकीदार ने बुधवार रात को फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसने पत्नी से विवाद के बाद यह कदम उठाया। चौकीदार के परिजन पत्नी को तलाक देने के लिए कह रहे हैं। इस कारण दंपती में आए दिन विवाद हो रहा है। पति को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो पत्नी ने उसकी जान बचाई। गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया है। पुलिस के अनुसार पलासनेर निवासी मुकेश (40) पिता राधेश्याम बिल्लोरे ने बुधवार रात पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पत्नी सविता बाई ने बताया कि दोनों के बीच दो से तीन माह से विवाद हो रहा है। पति के परिजन तलाक के लिए बोल रहे हैं। बुधवार रात को उन्होंने शराब के नशे में फांसी पर लटक गए। मैं बेटे को लेने के लिए बाहर गई थी, देखा तो लोगों को बुलाया और उनकी जान बचाई। इसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसका पहले पति से एक बेटा है। जिला अस्पताल के डॉ. इरफान खान का कहना है कि मुकेश की हालत अभी स्थिर है, लेकिन जल्द होश नहीं आता है तो रेफर करेंगे

## सड़क हादसे में 32 साल के युवक की मौत

जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र की करताना चौकी अंतर्गत ग्राम तजपुरा में बुधवार शाम एक सड़क हादसे में 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को टिमरनी अस्पताल भिजवाया है। मृतक की पहचान ग्राम कुहिग्वाड़ी निवासी गयाप्रसाद पिता चंपालाल बकोरिया (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गयाप्रसाद पैदल जा रहा था, तभी उसे पीछे से किसी ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क किनारे गिर गया। घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक पलटा हुआ ट्रैक्टर भी मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसी ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मारी होगी। पुलिस फिलहाल हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### विधानसभा क्षेत्र में हॉकी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# फाइनल मुकाबला हरदा वॉलीबॉल क्लब हरदा ने जीता, ग्राम पंचायत हंडिया उपविजेता रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सांसद खेल महोत्सव के तहत विधानसभा क्षेत्र हरदा में गुरूवार को हॉकी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित कि गई।

प्रतियोगिता में हॉकी फिडर सेंटर हरदा, सांदीपनी स्कूल खिरकिया, जिला हॉकी संघ हरदा, हरदा इलेवन, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा की हॉकी टीम एवं वॉलीबॉल में ग्राम हंडिया, मसनगांव, खेड़ा, सोनतालाई, मांदला, हरदा डिग्री कॉलेज, हरदा वॉलीबॉल क्लब हरदा के लगभग 250 खिलाड़ी शामिल हुए। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद कॉलेज हरदा के प्रशासनिक अधिकारी वी.के. बिछोतिया, यातायात प्रभारी उमेश ठाकुर, सिटी थाना प्रभारी रिपुदमन राजपूत, बसंत राजपूत, खो खो संघ सचिव भूपेंद्र राजपूत, खेल प्रशिक्षक सुश्री मोनिका मेहता ने खिलाड़ीयों से परिचय कर किया। यातायात प्रभारी ने टॉस कर हॉकी स्टीक से गोल कर मैच की शुरुआत की। थाना प्रभारी राजपूत ने वॉलीबॉल मैच में सर्विस करके मैच प्रारंभ किया। हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जिला हाकी संघ हरदा व हॉकी फिडर सेंटर के मध्य हुआ। हॉकी मैच में जिला हाकी संघ हरदा 6-04 स्कोर कर 2 गोल से विजेता रही जबकि हाकी फिडर सेंटर उपविजेता रही। हाकी संघ के मोहम्मद ज़ेद ने सर्वाधिक 3 गोल कर हैट्रिक लगाई एवं खिरकिया के नैतिक बघेल ने 2 गोल कर टीम को



बढ़त दिलाई। हॉकी मैच में तृतीय स्थान शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा ने प्राप्त किया। वॉलीबॉल में फाइनल मुकाबला हरदा वॉलीबॉल क्लब हरदा एवं ग्राम पंचायत हंडिया के मध्य हुआ, जिसमें हरदा क्लब ने 21-18, 21-17, 21-20 के अंक बनाकर विजेता रहा जबकि ग्राम पंचायत हंडिया उपविजेता रही, मैच में तृतीय स्थान हरदा डिग्री कॉलेज हरदा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी राजपूत ने खिलाड़ियों से चर्चा कर बताया कि समाज में व्याप्त नशे का इस्तेमाल करके आज की युवा पीढ़ी गर्त में जा रही है। नशे से दूर है जरूरी का संदेश देते हुए उन्होने खिलाड़ी जीवन स्वस्थ जीवन के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

# क्लीनिक बैरागढ का निरीक्षण किया



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने गुरूवार को हरदा जिले में संचालित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक बैरागढ में आयोजित स्वास्थ्य शिविर एवं टीकाकरण कार्य का निरिक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ यामिनी मानकर के द्वारा 11 गर्भवती महिलाओं की जॉच की गई, 32 सामान्य मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 10 बच्चों का टीकाकरण किया गया। डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में बिजली एवं पानी की समस्या की जानकारी ली। संस्था के कार्यो एवं रिकार्ड का सत्यापन किया तथा संस्था में दवाईयॉ एवं अन्य सामग्री व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। उन्होने नर्सिंग ऑफिसर मीरा महोबिया एवं पेरामेडिकल स्टाफ को नियमित रूप से सेवाऐं उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही किये गये कार्यो को पोर्टल पर तत्काल एन्ट्री करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान हायर वेक्सीनेटर सपना कौशल, आशा कार्यकर्ता अरुणा कुशवाह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एकता पाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्रामीणों पीआईयू अधिकारी से पूछा

# जेसीबी से सड़क पर खोदे गए गड्ढों से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहीं, कार्य शुरू क्यों नहीं हुआ?

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

ग्रामीणों ने पीआईयू अधिकारी अमित भटोरे को बातें सुनाई और कहा- सड़क पर ठेकेदार ने जेसीबी से बड़े-बड़े गड्ढे खोद दिए और उनमें दुर्घटनाएं हो रही थी, फिर भी दो सप्ताह तक कार्य शुरू क्यों हुआ ? और युवक उमेश की मृत्यु का जिम्मेदार कौन? इन तीखे सवालों के उनके पास कोई जबाब नहीं था। दरअसल बुधवार को लायखेड़ी फाटे पर धरना-आन्दोलन स्थल पर करीब आधा दर्जन गांवों के लोग पहुंचे थे। वे पहले से ही बदहाल-सड़क को ठेकेदार द्वारा खोद दिए जाने से आक्रोशित एवं उद्वेलित थे और वे पीआईयू अधिकारी भटोरे निरुत्तर थे। उनके पास किसी भी सवाल का स्पष्ट तौर पर कोई जबाब नहीं था। ग्रामीणों ने यह भी कह कि यदि



प्रधानमंत्री सड़क योजना-भाग 2 की 20.275 सड़क-मरम्मत और नवीनीकरण-कार्य समयावधि में हो जाता तो युवक उमेश हादसे का शिकार नहीं होता। जबकि स्वीकृत राशि रू. 898.07 लाख से 26 जून 2025 के स्थान पर करीब 6 माह बाद शुरू किया गया। जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

#### क्षतिपूर्ति राशि पर नहीं बनी सहमति

जनपद सदस्य राम घोरमाड़े और परिजनों में बलराम चौहान,संतोष नायक आदि ने मृतक उमेश चौहान की धर्म पत्नी को क्षतिपूर्ति राशि देने अथवा ठेकेदार, महाप्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक पर अपराधिक-प्रकरण दर्ज करने की मांग की। फलस्वरूप तहसीलदार मुन्ना अड़ ने मामला सुलझाने के लिए आपसी-चर्चा के सुझाव पर धरना समाप्त किया गया। लेकिन थाने पर ठेकेदार जायसवाल के नहीं पहुँचने से उनके मध्य सहमति नहीं बन सकी है। उल्लेखनीय है कि महाप्रबंधक योगेश शर्मा और ठेकेदार धर्मेन्द्र जायसवाल के धरना-स्थल पर नहीं आने से ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त था।

### नर्मदा परिक्रमा लंबी पैदल तीर्थयात्रा

# श्रद्धालुओं ने नर्मदा परिक्रमा के लिए गणेश मंदिर से की यात्रा प्रारंभ



**रहटगांव।** रहटगांव गणेश चौक पर गणेश पूजा की एवं वहां से ओंकारेश्वर पहुंचकर अपनी पैदल यात्रा प्रारंभ की। श्रद्धालुओं का कहना है, नर्मदा परिक्रमा नर्मदा नदी के तट पर एक लंबी पैदल तीर्थयात्रा है, जो आस्था और तपस्या का प्रतीक है। यह आमतौर ओंकारेश्वर से शुरू होती है। और नदी के दोनों तटों पर चलते हुए वहीं पूरी होती है। इस परिक्रमा को पूरा करने में श्रद्धालु के लिए 3 वर्ष, 3 माह और 13 दिन भी लग सकते हैं। शुरुआत और समाप्तिः परिक्रमा पारंपरिक रूप से ओंकारेश्वर से शुरू होती है। और वहीं समाप्त होती है। मार्गः इसमें नदी के दोनों तटों के लगभग 3,700 किलोमीटर के क्षेत्र को पैदल पार किया जाता है। इसमें, ओंकारेश्वर, महेश्वर, भरूच, नेमावर, अमरकंटक, जबलपुर, नर्मदापुरम, हंडिया,जैसे महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। यात्रा में रहटगांव से सुरेश कुमार गौर, प्रेम बाई गौर, ब्रजकिशोर साहू, कुसुम साहू, सोनी बाई मीणा शामिल हुऐ।

### दिव्यांग दिवस पर किया सहायक उपकरणों का वितरण

# भाजपा के राज में दिव्यांगता बन चुकी है वरदानः अरुणा राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व दिव्यांगता दिवस की पूर्व संध्या पर क्रिसेंट रिसॉर्ट में आयोजित भव्य कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों को संबोधित करते हुए अरुणा सुदेश राय ने कहा कि पहले की सरकारों में शारीरिक रूप से आशक्त महिला पुरुषों बच्चों को अपाहिज कहा जाता था।

भाजपा की केंद्र में सरकार आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक सम्मान देते हुए आसक्तजनो को दिव्यांग नाम दिया। अब भारतीय जनता पार्टी के राज में दिव्यांगता वरदान बन चुकी है और हर क्षेत्र में दिव्यांगजन तरक्की कर रहे हैं। कार्यक्रम को वरिष्ठ समजसेवी अखिलेश राय ने भी संबोधित किया और दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों को वसुन्धरा वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए। विधायक सुदेश राय के सतत प्रयासों तथा *समाजसेवी अरुणा सुदेश राय के सहयोग से वसुन्धरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनों को उनकी आवश्यकतानुसार TLM किट, CP चेयर, व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवणयंत्र, बैसाखी, छड़ी, फोल्डिंग स्टिक सहित विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए।



# शिष्योपनयन संस्कार व अभिमुखीकरण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**सीहोर।** आयुर्वेद और सिद्ध अध्ययन विद्यालय श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेस में नवप्रवेशित छात्र सत्र 2025-26 के शिष्योपनयन संस्कार एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम मानकों के अनुसार आगामी 15 दिनों तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में विद्यार्थियों को आयुर्वेद की उपयोगिता, पाठ्यक्रम की रूपरेखा, एवं आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जाएगा।

इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मधुसूदन देशपांडे, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ गुरु आरोग्य भारती के पूर्व सचिव, डॉ. हरेंद्र भदौरिया, नीमा राष्ट्रीय संगठन, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी, कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण वानखेड़े उपस्थित रहे। डॉ. मधुसूदन देशपांडे ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को आयुर्वेद को पूर्ण रूप से अंगीकार करते हुए ज्ञानार्जन करना चाहिए तथा भविष्य में उसी ज्ञान को समाज सेवा एवं चिकित्सा रूप में समर्पित करना चाहिए। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व को विस्तार से बताते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार किया। कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी ने कहा कि आगामी समय आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लिए महत्वपूर्ण एवं संभावनाओं से परिपूर्ण है। अतः विद्यार्थियों को अनुशासित रहकर पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्याभ्यास करना चाहिए। डॉ. हरेंद्र भदौरिया ने संगठन की गतिविधियों एवं उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालते विद्यार्थियों को संगठन से जुड़ने प्रेरित किया।

